Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to address the problem of acute shortage of drinking water in Sikar district, Rajasthan-laid

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): राजस्थान के सीकर जिले सहित पूरे शेखावाटी में भूजल स्तर जमीन में नीचे जाने की वजह से पेयजल की गंभीर स्थिति उत्पन्न होती जा रही है । मेरे लोकसभा क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा डार्क जोन की स्थिति में है, वहां खेती करना तो दूर की बात,पीने के पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न होती जा रही है । मेरा माननीय जलशक्ति मंत्री जी से निवेदन है कि सीकर ज़िले को अति शीघ्र नहरों के माध्यम से जोड़कर पानी उपलब्ध करवाने की कृपा करें ताकि आमजन को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके ।